भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय

लोकसभा
अतारांकित प्रश्न संख्या. 183
(जिसका उत्तर सोमवार, 22 जुलाई, 2024/31 आषाढ़, 1946 (शक) को दिया गया)

भारत में शेल कंपनियां

183. श्री कृष्ण प्रसाद टेन्नेटीः

क्या **कारपोरेट कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने भारत में शेल कंपनियों की पहचान करने के लिए गंभीर कपट अन्वेषण कार्यालय और ऐसे अन्य अन्वेषक प्रभागों के माध्यम से कोई कार्रवाई की है और यदि हां, तो पिछले पांच वर्षों के दौरान राज्य-वार और विशेष रूप से आंध्र प्रदेश राज्य में ऐसी कंपनियों का ब्यौरा क्या है;
(ख) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;
(ग) भारत में शेल कंपनियों की पहचान और उनके विनियमन के संबंध में सरकार द्वारा की गई विधिक या अन्य कार्रवाइयों का ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या पिछले पांच वर्षों में शेल कंपनियों की संख्या में वृद्धि हुई है और यदि हां, तो सरकार ने इस मुद्दे का समाधान करने के लिए क्या कदम उठाए हैं; और
(ङ) क्या आंध्र प्रदेश राज्य की उन कंपनियों की सूची जिनकी पिछले पांच वर्षों में शेल कंपनियों के रूप में पहचान की गई है और उन्हें कंपनियों की सूची से हटा दिया गया है?

उत्तर

कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री हर्ष मल्होत्रा)

(क) से (ङ): कंपनी अधिनियम में "शेल कंपनी" शब्द की कोई परिभाषा नहीं है। तथापि, कुछ कंपनियां ऐसी हैं जो कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) की धारा 455 की उपधारा (1) के उपबंध के अनुसार निष्क्रिय हैं। ये वे कंपनियां हैं जिन्होंने पिछले दो वित्त वर्ष के दौरान कोई व्यवसाय या परिचालन नहीं किया है या कोई महत्वपूर्ण लेखा संबंधी लेनदेन नहीं किया है या पिछले दो वित्त वर्ष के दौरान वित्तीय विवरण और वार्षिक रिटर्न फाइल नहीं किए हैं।

इसके अतिरिक्त, कंपनी (कंपनियों के रजिस्टर से कंपनियों के नाम हटाना) नियम, 2016 (संशोधित नियम, 2019) के साथ पठित अधिनियम की धारा 248 (1) के तहत, कंपनी रजिस्ट्रार (आरओसी) कुछ उल्लंघनों के लिए कंपनियों का नाम स्ट्राइक ऑफ कर सकते हैं जैसे कि निगमन के एक वर्ष के भीतर व्यवसाय शुरू करने में विफलता, दो तत्काल पूर्ववर्ती वित्तीय वर्षों की अवधि के लिए कोई व्यवसाय या संचालन नहीं करना और निष्क्रिय कंपनी का दर्जा प्राप्त करने के लिए ऐसी अवधि के भीतर कोई आवेदन नहीं करना, कोई व्यवसाय या प्रचालन नहीं करना, जैसा कि भौतिक सत्यापन आदि के बाद पता चला है। ऐसी कंपनियों को स्ट्राइक ऑफ करने के लिए समय-समय पर कार्रवाई की गई है।

पिछले पांच वर्षों के दौरान अधिनियम की धारा 248(1) के तहत पहचान की गई और नाम स्ट्राइक ऑफ की गई कंपनियों की संख्या नीचे दर्शाई गई है:

राज्य	वित्त वर्ष 2019-2020	वित्त वर्ष 2020-2021	वित्त वर्ष 2021-2022	वित्त वर्ष 2022-2023	वित्त वर्ष 2023-2024	कुल योग
अंडमान और निकोबार	14	2	3	53	6	78
आंध्र प्रदेश	935		1354	2402	400	5091
अरुणाचल प्रदेश	24	3	27	32	4	90
असम	330	65	362	588	90	1435
बिहार	1942	184	1771	2815	185	6897
चंडीगढ़	329	169	461	303	51	1313
छत्तीसगढ़	345	47	324	446	67	1229
दादरा और नगर हवेली	10	1	14	13	1	39
दमन और दीव	7	2	5	12	12	38
दिल्ली	10284	1972	5166	16064	2151	35637
गोवा	286	34	213	184	78	795
गुजरात	1740	252	3401	2626	665	8684
हरियाणा	2165	408	1076	4813	585	9047
हिमाचल प्रदेश	173	201	260	303	27	964
जम्मू और कश्मीर	135		322	451	29	937
झारखंड	401	136	975	888	185	2585
कर्नाटक	5439	1027	6117	4342	2317	19242

केरल	2666	956	2124	1558	459	7763
लद्दाख			5	5		10
लक्षद्वीप	1	1			2	4
मध्य प्रदेश	1128	107	541	2427	446	4649
महाराष्ट्र	7619	2250	11662	12049	3276	36856
मणिपुर	31	4	52	147	4	238
मेघालय	33	10	29	21	7	100
मिजोरम	5		9	18	2	34
नागालैंड	19	2	19	27	6	73
ओडिशा	704	75	1014	1332	81	3206
पुडुचेरी	115	35	80	82	18	330
पंजाब	559	330	902	927	125	2843
राजस्थान	4458	505	1707	1902	426	8998
सिक्किम			1			1
तमिलनाडु	3141	1294	6077	4666	965	16143
तेलंगाना	2518	693	4992	3798	1763	13764
त्रिपुरा	25	3	27	91	4	150
उत्तर प्रदेश	5789	1934	1594	12093	1234	22644
उत्तराखंड	78		244	960	73	1355
पश्चिम बंगाल	6547	4	9345	3687	721	20304
कुल योग	59995	12706	62275	82125	16465	233566

(स्रोत: डाटा एमसीए-21 द्वारा उपलब्ध कराया गया है)

****